<u>‘हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता’ (प्राइमरी २०२१)</u>

धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहा है। इस बार आभासीय माध्यम के कारण चुनौती और बड़ी थी। इस विषम परिस्थिति में भी विद्यालय के प्राइमरी विभाग के बच्चे ‘हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता’ की तैयारी में लग गए। प्राइमरी विभाग की कक्षा एक से लेकर चार तक के सभी बच्चे कविता-पाठ में बढ़चढ़कर आगे आए। बच्चों ने न केवल प्रसिद्ध कवियों की रचनाएँ चुनी बल्कि नये कवियों की कविताओं को भी चुना और बड़ी लगन से तैयार किया।

१५ फ़रवरी २०२१ को सभी हाउस के ‘कब कप्तानों’ के संचालन में कविता - पाठ आरम्भ हुआ। काव्य - पाठ के **पहले चरण** में कक्षा एक तथा दो के विद्यार्थियों ने अपनी मीठी आवाज़ में सुंदर उच्चारण और भावाभिव्यक्ति से सभी को अत्यंत प्रभावित किया।

कविता पाठ के **दूसरे चरण** में कक्षा तीन तथा चार के विद्यार्थियों ने अपनी सशक्त वाणी से सभी को अभिभूत कर दिया। दोनों स्तर पर कविताएँ प्रकृति- वर्णन, हास्य तथा ओज के सभी

भावों से भरी थीं। स्पष्ट उच्चारण,स्वर के उतार- चढ़ाव तथा भावपूर्ण अभिव्यक्ति की सराहना की गई।

भाषा की अभिव्यक्ति का सबसे सुंदर रूप कविता है, हर प्रतियोगी ने सिद्ध कर दिया।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता इस प्रकार हैं -

प्रथम स्थान - Lion House

द्वितीय स्थान - Panther House

तृतीय स्थान- Tiger House & Lion House

प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के विजेता हुए-

प्रथम स्थान - Jaguar House

द्वितीय स्थान - Panther House & Jaguar House

तृतीय स्थान - Tiger House & Lion House

दोनों चरणों के समस्त प्रतियोगियों के अंकों की गणना के अनुसार परिणाम इस प्रकार हैं-

प्रथम स्थान- Panther House

द्वितीय स्थान- Lion House

तृतीय स्थान- Tiger House

निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषणा तथा 'कब कप्तान' के धन्यवाद के शब्दों के साथ प्रतियोगिता समाप्त हुई।